**A** **SAMAGRA SHIKSHA- KERALA** **1009**

**FIRST TERM-END EVALUATION - 2019-20**

**Time : 90 minutes**

Third Language

**STD. X** **HINDI** **Score : 40**

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

1. '**नज़र मिलाना**' का मतलब क्या है? 1

   (क) मुँह फेरना (ख) मुँह की ओर देखना

   (ग) मुँह नीचे करना (घ) मुँह खोलना

2. बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी। इसके क्या-क्या कारण हैं? 2

3. स्कूल से घर जाते समय साहिल और बेला इस घटना के बारे में बातें करते हैं। साहिल और बेला के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

सुरेंदर माटसाब के व्यवहार से बेला का मन बहुत खराब हो गया था। शाम को बेला स्कूल से घर वापस आती है। वह अपना अनुभव डायरी में लिखती है। बेला की संभावित **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।


4. '**जानने**' का असली आधार क्या है? 1

   (क) नाम से जानना (ख) जाति से जानना

   (ग) हताशा से जानना (घ) पते से जानना

5. कोष्ठक से उचित शब्द सही स्थान पर रखकर **पिरामिड** की पूर्ति करें। 2

(धीरे-धीरे; अपरिचित)




6. संकेतों की सहायता से '**जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्त्व**' विषय पर **लघु लेख** लिखें। 4

- जीवन की समस्याएँ।
- दूसरों की मदद।
- परस्पर सहायता करना।
- त्याग का मनोभाव।

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 7 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

7. "**लोहा लेना**" का अर्थ क्या है? 1

(क) सामना करना (ख) बंद करना

(ग) स्वतंत्र करना (घ) पीछे करना

8. इस कविता में "**टूटा पहिया**" किसका प्रतिनिधित्व करता है? 1

(क) आम जनता का (ख) धनी जनता का

(ग) शासक वर्ग का (घ) सैनिकों का

9. 'टूटा पहिया ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है।' –इससे आपने क्या समझा? 2

10. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत **पंक्तियों का आशय** लिखें। 4

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "ये क्या हो गया बेला?" साहिल ने परेशान होते हुए पूछा। "छत से गिर गई" बेला ने हँसते हुए कहा और कहा, "बहुत दिन हो गए, आज खेल घंटी में गांधी चौक में लंगड़ी टाँग खेलेंगे।" "नहीं खेलेंगे। तेरे सिर में फिर से लग जाएगी तो...?" "नहीं लगेगी" बेला ने ज़िद की।

11. 'नहीं खेलेंगे। तेरे सिर में फिर से लग जाएगी तो' -यहाँ साहिल का कौन-सा मनोभाव स्पष्ट होता है? 1

(क) उसकी निर्भयता का। (ख) बेला से उसकी अंतरंग मित्रता का।

(ग) खेल के प्रति उसकी अरुचि का। (घ) पढ़ाई के प्रति उसकी रुचि का।

12. साहिल के परेशान होने का कारण क्या था? 2

13. इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

> यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते। सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और उसे हमारी मदद की ज़रूरत है।

14. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + की = उसकी (ख) वे + की = उसकी

(ग) वही + की = उसकी (घ) यह + की = उसकी

15. आशय समझें, **सही मिलान** करें। 4

| | |
|---|---|
| सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को | घायल व्यक्ति मुसीबत में है। |
| हम जानते हैं कि | सहायता की ज़रूरत है। |
| किसी व्यक्ति को जानने का मतलब | हमारा कर्तव्य है। |
| हताश व्यक्तियों की सहायता करना | उसकी हताशा, निराशा और संकट से जानना है। |

**अथवा**

मान लें, सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल पड़ा। किसीने उसकी सहायता नहीं की। बहुत समय तक वह सड़क पर ही पड़ा रहा। इस घटना पर एक **रपट** लिखें।

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठो में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा। "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा। "मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएंगे और तुम?" मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

16. साहिल और बेला क्यों अलग हो रहे हैं? 1

(क) बेला दूसरे स्कूल जाना चाहती है। (ख) उनका स्कूल पाँचवीं तक ही है।

(ग) साहिल अजमेर जाना चाहता है। (घ) उनकी मित्रता टूट गई है।

17. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) बेला **के** आँखें भर गए। (ख) बेला **की** आँखें भर गईं।

(ग) बेला **ने** आँखें भर गईं। (घ) बेला **का** आँखें भर गया।

18. मान लें, साहिल हॉस्टल में रहकर पढ़ने लगा। वहाँ की खबरें जानने के लिए बेला साहिल के नाम पत्र लिखती है। साहिल के नाम बेला का संभावित **पत्र** लिखें।

**अथवा**

बेला की **चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी** लिखें। 4

- सरस स्वभाववाली
- मित्रता निभानेवाली
- स्वाभिमानी
- साहिल से बिछुड़ने से दुखी